# हरियाणा विधान सभा

## बजट सत्र 2026

## अतारांकित प्रश्न
## 23 फ़रवरी, 2026

----

**कुल प्रश्न - 32**

----

### तालाब का सौंदर्यीकरण

1 **श्री सुनील सतपाल सांगवान ( दादरी):**

क्या लोक निर्माण (भवन एवं सड़कें ) मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

क) क्या दादरी शहर में डुंगर वाला जोहड़ पर पूर्व मुख्यमंत्री मास्टर हुकम सिंह के नाम पर बन रहे तालाब के सौंदर्यीकरण कार्य के लिए कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

ख) यदि हां, तो उक्त तालाब का सौंदर्यीकरण कार्य कब तक शुरू तथा पूरा किए जाने की संभावना है?

----

### राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय स्थापित करना

2 **श्री सुनील सतपाल सांगवान ( दादरी):**

क्या उच्चतर शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

क) क्या यह तथ्य है कि सरकार द्वारा दादरी शहर में राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय स्थापित करने की घोषणा की गई थी; तथा

ख) यदि हां, तो क्या उक्त महाविद्यालय को पुराने लघु सचिवालय के भवन में स्थापित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है तथा उक्त महाविद्यालय को ऊपर-वर्णित भवन में कब तक स्थापित किए जाने की संभावना है?

----

## बिजली कुनेक्शन को गाँव की आपूर्ति लाइन से जोड़ना

3 **श्री रणधीर पनिहार (नलवा):**

क्या ऊर्जा मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) क्या यह तथ्य है कि नलवा विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र में ढाणियों के बड़ी संख्या में बिजली कुनेक्शन ट्यूबवेल की बिजली लाइनों से जुड़े हुए हैं; तथा

(ख) यदि हां, तो क्या उक्त बिजली कुनेक्शनों को गांवों की चौबीसों घंटे बिजली आपूर्ति की लाइन से जोड़ने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है तथा उसका ब्यौरा क्या है?

----

## सी.एस.आर. निधियों का ब्यौरा

4 **चौ. मामन खान ( फिरोजपुर झिरका):**

क्या पर्यावरण, वन और वन्यजीव मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

क) यह सुनिश्चित करने के लिए कि नूंह जिले में संचालित बूचड़खानों से प्रभावित क्षेत्रों में ग्राम विकास गतिविधियों के लिए कॉर्पोरेट सोशल रिस्पोंसिबिलिटी (सी.एस.आर.) निधियों का उपयोग सख्ताई से हो, सरकार द्वारा क्या कोई निर्देश जारी किए गए हैं; यदि हां, तो ऐसे निर्देशों का ब्यौरा क्या है;

ख) गत पांच वर्षों के दौरान नूहं जिले में संचालित प्रत्येक बूचड़खाने द्वारा खर्च की गई सी.एस.आर. निधियों की वर्ष-वार राशि कितनी है; तथा

(ग) उन कार्यों या गतिविधियों का ग्राम-वार तथा वर्ष-वार ब्यौरा क्या है, जिन पर उक्त सी.एस.आर. निधियां खर्च की गई हैं?

----

## पेंशनों के बंद होने के कारण

5 **श्रीमती मन्जु चौधरी ( नांगल चौधरी):**

क्या सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृपया बताएंगे कि: -

क) नांगल चौधरी विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र में उन पेंशन भोगियों की कुल संख्या कितनी है

जिनकी गत एक वर्ष में पेंशन बंद हुई हैं; तथा

ख) इन पेंशनों के बंद होने के क्या कारण हैं ?

----

## स्टेडियमों की कुल संख्या

6 **श्रीमती विनेश (जुलाना):**

क्या खेल राज्य मंत्री कृपया बताएंगे किः -

क) राज्य में खेल स्टेडियमों की कुल संख्या कितनी है;

ख) राज्य में प्रशिक्षकों की कुल संख्या कितनी है;

ग) राज्य में सरकार के विचाराधीन नए खेल स्टेडियमों की संख्या कितनी है; तथा

घ) राज्य में प्रशिक्षकों के रिक्त पदों की संख्या कितनी है?

----

## जलघरों का निर्माण कार्य पूरा करना

7 **श्रीमती सावित्री जिन्दल ( हिसार):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे किः-

क) क्या यह तथ्य है कि हिसार के सेक्टर 33 में प्रस्तावित जलघरों का निर्माण कार्य लंबे समय से लंबित पड़ा है; तथा

ख) यदि हां, तो उपरोक्त जलघरों का निर्माण कार्य कब तक पूरा किए जाने की संभावना है?

----

## आयुष्मान योजना के अंतर्गत सूचीबद्ध निजी अस्पतालों की कुल संख्या

8 **श्री अदित्य देवीलाल ( डबवाली):**

क्या स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे किः—

(क) वर्ष 2014 से जनवरी, 2026 तक राज्य में 'आयुष्मान योजना' के अंतर्गत उपचार प्राप्त करने वाले,आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों, अनुसूचित जातियों तथा पिछड़े वर्गों के लोगों की कुल संख्या कितनी है तथा इस पर कुल कितना खर्च हुआ है तथा इसका वर्ष-वार तथा जिला/तहसील/खंड-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) वर्ष 2018 से 2026 तक सरकार की आयुष्मान योजना के अंतर्गत सूचीबद्ध

(एम्पैनल्ड) निजी अस्पतालों की संख्या कितनी है तथा नाम क्या हैं;

(ग) वर्ष 2018 से 2026 तक अनियमितताओं के कारण निजी अस्पतालों को सूची से हटाए (डी-एम्पैनल होने वाले) जाने के मामलों का वर्ष-वार तथा जिला/तहसील/खंड-वार ब्यौरा क्या है; तथा

(घ) उपरोक्त दोषी निजी अस्पतालों के विरुद्ध सरकार द्वारा क्या कार्रवाई की गई है?

----

**चिकित्सकों, नर्सों, फार्मासिस्ट तथा पैरामेडिकल अमलें के रिक्त पदों को भरना**

9 **श्री अर्जुन चौटाला (रानिया):**

क्या स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे किः—

(क) राज्य में स्वास्थ्य विभाग में विभिन्न श्रेणियों के चिकित्सक, नर्स, फार्मासिस्ट तथा पैरामेडिकल अमलें इत्यादि के कुल स्वीकृत पदों की संख्या कितनी है तथा आज तक श्रेणीवार कितने पद रिक्त पड़े हैं तथा उनका ब्यौरा क्या है; तथा

(ख) क्या राज्य में उपरोक्त रिक्त पदों को भरने के लिए कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उक्त रिक्त पदों के कब तक भरे जाने की संभावना है तथा उसका ब्यौरा क्या है?

----

**परिवार पहचान पत्र से संबंधित शिकायतों का ब्यौरा**

10 **श्री आदित्य सुरजेवाला (कैथल):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) वर्ष 2022-23, 2023-24, 2024-25 तथा 2025-26 (आज तक) के दौरान परिवार पहचान-पत्र से संबंधित कुल कितनी शिकायतें प्राप्त हुई हैं तथा इनका माह-वार, जिले-वार तथा श्रेणी-वार विभाजन (गलत मृत्यु घोषणाएं, बढ़ाई गई आय, डेटा प्रविष्टि त्रुटियां, उल्लेखित गलत जाति ) का ब्यौरा क्या है; तथा

(ख) शिकायत निपटान में लगने वाला औसतन समय कितना है तथा इसका श्रेणी-वार तथा जिले-वार ब्यौरा क्या है तथा 30, 60, 90 तथा 180 दिनों से अधिक समय से लंबित शिकायतों की संख्या कितनी है ?

----

**बी.पी.एल.(गरीबी रेखा से नीचे) राशन कार्डों का ब्यौरा**

11 **श्री आदित्य सुरजेवाला (कैथल):**

क्या खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामलें राज्य मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) जनवरी, 2024 से जनवरी, 2026 तक राज्य में सक्रिय बी.पी.एल. (गरीबी रेखा से नीचे) राशन कार्डों की जिले-वार, माह-वार तथा वर्ष-वार संख्या कितनी है;

(ख) जनवरी, 2024 से जनवरी, 2026 तक जारी किए गए नए बी.पी.एल. (गरीबी रेखा से नीचे) कार्डों की तथा रद्द किए गए बी.पी.एल. कार्डों की जिले-वार, माह-वार संख्या कितनी है;

(ग) जनवरी, 2026 तक बी.पी.एल.(गरीबी रेखा से नीचे) कार्ड के लिए लंबित आवेदनों की जिले-वार संख्या कितनी है; तथा

(घ) जनवरी, 2024 से जनवरी, 2026 तक बी.पी.एल.(गरीबी रेखा से नीचे) कार्ड के आवेदन से लेकर जारी होने में लगने वाला औसत समय जिले-वार कितना है?

----

## अंतरराष्ट्रीय स्तर के क्रिकेट स्टेडियम का निर्माण करना

12 **श्री जगमोहन आनन्द (करनाल):**

क्या खेल राज्य मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या करनाल में एक अंतरराष्ट्रीय स्तर के क्रिकेट स्टेडियम का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है?

----

## कैंसर रोगियों का ब्यौरा

13 **श्री शीशपाल केहरवाला ( कालांवाली):**

क्या स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

क) क्या सरकार के पास जिला सिरसा में घग्गर नदी के साथ तथा आसपास स्थित क्षेत्रों में गत 10 वर्षों के दौरान कैंसर रोगियों से संबंधित जिलेवार प्रमाणित आंकड़े हैं; यदि हां, तो उसका वर्षवार ब्यौरा क्या है;

ख) क्या ऐसे मामलों तथा घग्गर नदी / भूजल प्रदूषण के बीच कोई संबंध है; यदि हां, तो क्या घग्गर नदी के किनारों के साथ स्थित गांव में सरकार द्वारा कोई स्वास्थ्य जांच अथवा कैंसर स्क्रीनिंग कैंप आयोजित किए गए हैं; तथा

ग) क्या सरकार ने यह पता लगाने के लिए कोई जांच करवाई है कि घग्गर नदी के पानी से सिंचित फसलों में भारी धातुएं (जैसे आर्सेनिक, यूरेनियम, सीसा इत्यादि) या कीटनाशक तय मानक सीमा से अधिक हैं ; यदि हां , तो उक्त रिपोर्ट का पूरा ब्यौरा क्या

है?

----

## उथले (शैलो) ट्यूबवेल लगाना

14 **श्री इंदुराज सिंह नरवाल (बड़ौदा):**

क्या कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री कृपया बताएंगे कि : -

क ) क्या बरोदा विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र के किसी गांव सरकार द्वारा में विशेषत: अधिक नमी तथा जलभराव (चौवा) से फसलों को होने वाले नुकसान से बचाने के लिए उथले (शैलो) ट्यूबवेल लगाने के लिए कोई सर्वे करवाया गया है;

ख) यदि हां, तो संबंधित गांवों के नाम क्या हैं, सर्वेक्षण की तारीख क्या है तथा उस पर सरकार द्वारा क्या कार्रवाई की गई है; तथा

ग) यदि नहीं, तो क्या सरकार द्वारा बरोदा विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र में तुरंत सर्वेक्षण करवाने तथा इस समस्या का समाधान करने के लिए ट्यूबवेल लगाने के लिए कोई योजना बनाये जाने की संभावना है?

----

## मल-शोधन संयंत्र का निर्माण करना

15 **श्रीमती पूजा (मुलाना):**

क्या जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

क) क्या मुलाना विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र के गांव साहा में एक मल-शोधन संयंत्र (एस.टी.पी.) का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

ख) यदि हां, तो उपरोक्त मल-शोधन संयंत्र का निर्माण कार्य कब तक शुरू किए जाने की संभावना है?

----

## ग्राम-तालाबों की संख्या

16 **श्रीमती पूजा (मुलाना):**

क्या ग्रामीण विकास मंत्री कृपया बताएंगे कि :-

क) मुलाना विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र में ग्राम-तालाबों की कुल संख्या कितनी है;

ख) मुलाना विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र में गत् दो वर्षों के दौरान सरकार द्वारा साफ कराए गए ग्राम तालाबों की संख्या कितनी है तथा उन गावों के नाम क्या हैं; तथा

ग) शेष ग्राम तालाबों को कब तक साफ कराए जाने की संभावना है?

----

## इमरजेंसी रिस्पोंस व्हीकल (ई. आर. वीज़) की संख्या

17 **श्रीमती पूजा (मुलाना)ः**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे किः-

क) वर्ष 2021 के दौरान राज्य में सरकार द्वारा खरीदे गए इमरजेंसी रिस्पोंस व्हीकल (ई. आर. वीज़) की संख्या कितनी है तथा उन वाहनों की संख्या कितनी है जो वर्तमान में सेवा में हैं?

ख) इन इमरजेंसी रिस्पोंस व्हीकल के संचालन के लिए सरकार द्वारा नियुक्त स्थाई तथा अंशकालिक चालकों (पृथक- पृथक) की संख्या कितनी है तथा उनके शिफ्ट वार ड्यूटी घंटे कितने हैं; तथा

ग) डायल-112 परियोजना के अंतर्गत चिकित्सा आपात स्थितियों को संभालने के लिए प्रशिक्षित अधिकारियों की संख्या कितनी है?

----

## सड़क का निर्माण करना

18 **श्री मनमोहन भड़ाना (समालखा)ः**

क्या लोक निर्माण (भवन एवं सड़कें ) मंत्री कृपया बताएंगे कि :-

क) क्या यह तथ्य है कि मुख्यमंत्री घोषणा संख्या 27716 के अनुसार सरकार द्वारा जी.टी. रोड, करहंस से गांव पट्टी कल्याणा तक माइनर के साथ सड़क का निर्माण करने का प्रस्ताव था;

ख) क्या यह भी तथ्य है कि सिंचाई विभाग तथा लोक निर्माण (भवन एवं सड़कें ) विभाग के बीच हुई बैठक में यह निर्धारित हुआ था कि उक्त कार्य सिंचाई विभाग द्वारा किया जाना था; तथा

ग) यदि हां, उक्त सड़क के अब तक निर्मित न किए जाने के क्या कारण हैं तथा उपरोक्त सड़क का निर्माण कब तक किए जाने की संभावना है?

----

## महिला उत्पीडन के विरुद्ध पंजीकृत मामलों की संख्या

19 **श्री जरसी पेटवाड़ ( नारनौंद)ः**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे किः—

(क) गत एक वर्ष के दौरान, नारनौंद पुलिस थाना में महिला उत्पीडन के पंजीकृत मामलों की संख्या कितनी है तथा इनमें से कितने मामलों की जांच पूरी हो चुकी है तथा कितने मामलें अभी लंबित पड़े हैं; तथा

(ख) उपरोक्त मामलों के लंबित रहने के क्या कारण हैं तथा उनका ब्यौरा क्या है?

----

## माइनर की जलापूर्ति क्षमता बढ़ाना

20 **श्री विकास सहारण (कलायत)**:

क्या सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) क्या यह तथ्य है कि कैलराम माइनर की जलापूर्ति क्षमता को, ग्राम प्यौदा के निकट अत्यधिक रिसाव को दूर कर तथा आवश्यक तकनीकी सुधार लागू कर, सार्थक रूप से बढ़ाया जा सकता है, जिससे अंतिम छोर तक किसानों को पर्याप्त सिंचाई जल उपलब्ध कराना सुनिश्चित हो सके ;

(ख) यदि हां, तो क्या उक्त स्थान पर रिसाव की समस्याओं का समाधान करने तथा तकनीकी रूप से अपग्रेड करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है;

(ग) क्या गांव प्यौदा के निकट कैलराम माइनर की मरम्मत एवं तकनीकी सुधार के लिए अनुमान तैयार किया गया है; यदि हां, तो परियोजना की कुल अनुमानित लागत कितनी है;

(घ) क्या सरकार द्वारा इस माइनर का कोई तकनीकी सर्वेक्षण या रिसाव की लेखा परीक्षा कराई गई है; यदि हां, तो सर्वेक्षण रिपोर्ट के प्रमुख जाँच परिणाम तथा निष्कर्ष क्या है; तथा

(ड) उपरोक्त कार्यों के कब तक स्वीकृत तथा निष्पादित किए जाने की संभावना हैं?

----

## चारमार्गी सड़क का निर्माण करना

21 **श्री अनिल यादव ( कोसली)**:

क्या लोक निर्माण (भवन एवं सड़कें ) मंत्री कृपया बताएंगे किः-

क) क्या रेवाड़ी से महेंद्रगढ़ तक वाया डहीना तथा कनीना सड़क को चारमार्गी बनाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

ख) यदि हाँ, तो उपरोक्त प्रस्ताव की वर्तमान स्थिति क्या है तथा सरकार द्वारा इसके कब

तक स्वीकृत तथा लागू किए जाने की संभावना है?

----

## नियमित तथा स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करना

22 **श्रीमती रेनू बाला (साढौरा):**

क्या जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

क) क्या सरकार साढौरा कस्बे में अनियमितता के साथ दूषित / गन्दे पानी की आपूर्ति से अवगत हैं; तथा

ख) साढौरा कस्बे में नियमित तथा स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए सरकार द्वारा क्या पग उठाए गए हैं?

----

## केंद्रीय विद्यालय का निर्माण कार्य शुरू करना

23 **चौ. आफ़ताब अहमद (नूंह):**

क्या स्कूल शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

क) क्या यह तथ्य है कि गांव साल्हाहेडी की ग्राम पंचायत द्वारा केन्द्रीय विद्यालय स्थापित करने के लिए भूमि उपलब्ध कराई गई है; तथा

ख) यदि हां, तो उक्त केन्द्रीय विद्यालय का निर्माण कार्य कब तक शुरू किए जाने की संभावना है?

----

## रिपोर्टों की लंबित सिफारिशों का ब्यौरा

24 **चौ. आफ़ताब अहमद (नूंह):**

क्या मुख्य मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

क) वे तिथियां क्या हैं जिन पर हरियाणा प्रशासनिक रिफॉर्म्स आयोग ने अपनी शुरुआत से अब तक अपनी रिपोर्टे सरकार को जमा कराई है तथा उनका ब्यौरा क्या है;

ख) उक्त आयोग द्वारा जमा की गई प्रत्येक रिपोर्ट में विषयवस्तु तथा मुख्य सिफारिशें क्या हैं;

ग) आयोग द्वारा जमा प्रत्येक रिपोर्ट के संबंध में सरकार द्वारा स्वीकृत तथा लागू की गई सिफारिशें क्या हैं तथा उनका ब्यौरा क्या है;

घ) वर्ष 2008 तथा 2009 के दौरान जमा की गई रिपोर्टों को लागू करने के लिए सरकार

द्वारा  क्या विशेष पग उठाए गए हैं;

ड) क्या वर्ष 2008 तथा 2009 में जमा की गई रिपोर्टों की सभी सिफारिशों को पूरी तरह लागू किया गया है; यदि नहीं, तो उसमे देरी के क्या कारण हैं; तथा

च) वर्ष 2008 तथा 2009 में जमा की गई रिपोर्टों की लंबित सिफारिशों को सरकार द्वारा कब तक लागू किए जाने की संभावना है तथा उनका ब्यौरा क्या है ?

----

## पर्याप्त पेयजल की आपूर्ति करना

25 **श्री सतीश कुमार फागना (फरीदाबाद एनआईटी):**

क्या जन-स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

क) क्या यह तथ्य है कि फरीदाबाद के एन.आई.टी क्षेत्र में लगभग 25 से 30 एम.एल.डी पेयजल की आपूर्ति की जा रही है, जबकि क्षेत्र की वास्तविक आवश्यकता लगभग 45 से 50 एम.एल.डी है; यदि हाँ, तो इस कमी के क्या कारण हैं; तथा

ख) क्या फरीदाबाद के एन.आई.टी क्षेत्र में पेयजल की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हाँ, तो उसका ब्यौरा क्या है तथा उपरोक्त प्रस्ताव के कब तक कार्यन्वित किए जाने की संभावना है?

----

## सड़क को  चारमार्गी करने का कार्य बढ़ाना

26 **चौ. अकरम खान ( जगाधरी):**

क्या लोक निर्माण (भवन एवं सड़कें ) मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

क) राष्ट्रीय राजमार्ग-907 पर ताजेवाला तक चारमार्गी का कार्य कब तक पूरा किए जाने की संभावना है; तथा

ख) क्या उपरोक्त चारमार्गी के कार्य को पोंटा साहिब तक बढ़ाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हाँ, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

----

## स्टेडियम की मरम्मत , नवीनीकरण तथा सौंदर्यीकरण के कार्यों को पूरा करना

27 **श्री भारत भूषण बत्तरा ( रोहतक):**

क्या खेल राज्य मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) क्या यह तथ्य है कि रोहतक में राजीव गांधी खेल स्टेडियम, जो लगभग 112 एकड़ में फैला है तथा राज्य का सबसे बड़ा स्टेडियम है, वर्तमान में यह दयनीय तथा उपेक्षित

अवस्था में है;

(ख) क्या यह भी तथ्य है कि स्टेडियम में मूल-भूत सुविधाएं, विशेषकर शौचालय का रखरखाव ठीक से नहीं किया जाता है तथा यहाँ पर ड्रग सिरिंज पाई गई हैं;

(ग) क्या उक्त स्टेडियम की मरम्मत, नवीनीकरण तथा सौंदर्यीकरण पर 28 करोड़ रुपए खर्च करने का सरकार का कोई प्रस्ताव था;

(घ) यदि हां, तो अब तक स्वीकृत, जारी किए गए तथा वास्तव में खर्च की गई राशि का पृथक- पृथक ब्यौरा क्या है तथा उसका शीर्ष-वार ब्यौरा क्या है;

(ङ) उक्त प्रस्ताव के अंतर्गत पूरे किए गए कार्यों का ब्यौरा क्या है; तथा

(च) शेष मरम्मत, नवीनीकरण तथा सौंदर्यीकरण के कार्यों के कब तक पूरे किये जाने की संभावना है?

----

## सीजनल कर्मचारियों को नियमित करना

28 **श्री भारत भूषण बत्तरा ( रोहतक):**

क्या सहकारिता मंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) क्या यह तथ्य है कि शुगर मिल, रोहतक (भाली आनंदपुर) ने 16.12.1998 से श्री राकेश कुमार तथा छह अन्य कर्मचारियों को सीजनल/डेली-वेज बेसिस पर लिपिक के पद पर लगाया है;

(ख) उपरोक्त कर्मचारियों को सीजनल कर्मचारियों के रूप में कब तक नियमित किए जाने की संभावना है ; तथा

(ग) क्या माननीय उच्च न्यायालय के 2025 की सी.डब्ल्यू.पी. स० 31304 दिनांक 31.12.2025 तथा 2024 (ओ. तथा एम.) की सी.ओ.सी.पी. स० 3417 दिनांक 10.12.2024 के आदेशों की अनुपालना में इन कर्मचारियों को नियमित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है, जिसमें 10 वर्षों से अधिक सेवा वाले कर्मचारियों को नियमित करने का प्रावधान है; यदि हाँ, तो उपरोक्त प्रस्ताव के कब तक कार्यन्वित किए जाने की संभावना है?

----

## महिला महाविद्यालय में मेडिकल तथा नॉन-मेडिकल संकाय शुरू करना

29 **श्री राजबीर फरटिया ( लोहारू):**

क्या उच्चतर शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे किः-

क) क्या यह तथ्य है कि गांव बहल के महिला महाविद्यालय के लिए वर्ष 2011 में बनाए गए एक बहुत बड़े भवन का उपयोग अब तक नहीं किया गया है; यदि हां, तो उसके क्या कारण हैं; तथा

ख) उपरोक्त महिला महाविद्यालय में मेडिकल तथा नॉन-मेडिकल संकायों को शुरू करने के संबंध में वर्तमान स्थिति क्या है?

----

## सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण करना

30 **श्री राजबीर फरटिया ( लोहारू):**

क्या स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) क्या बहल क्षेत्र में एक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

(ख) यदि हां, तो उपरोक्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण कब तक किए जाने की संभावना है?

----

## एक नर्सिंग कॉलेज खोलना

31 **श्रीमती गीता भुक्कल ( झज्जर):**

क्या चिकित्सा शिक्षा तथा अनुसंधान मंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) क्या राज्य के प्रत्येक जिले में एक नर्सिंग कॉलेज खोलने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है;

ख) क्या झज्जर के जिला मुख्यालय में एक नर्सिंग कॉलेज खोलने का भी कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

ग) यदि हां, तो उपरोक्त नर्सिंग कॉलेज के कब तक खोले जाने की संभावना है?

----

## सी.ई.टी.पी. (सामान्य अपशिष्ट उपचार संयंत्र) की वर्तमान स्थिति

32 **श्री घनश्याम सर्राफ ( भिवानी):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि भिवानी शहर के सेक्टर-26 में स्थापित नवनिर्मित सामान्य अपशिष्ट उपचार संयंत्र (सी.ई.टी.पी.) की वर्तमान स्थिति क्या है तथा उपरोक्त सी.ई.टी.पी. के कब तक संचालित किए जाने की संभावना है?

----